No. I-34020/03/2026-Coord.I
Government of India
Ministry of Home Affairs
***

**Major Achievements, significant Development and important events of Ministry of Home Affairs during the month of April, 2026.**

1. On 02.04.2026, the Delhi Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Bill, 2026 (Bill No. 02 of 2026) has been assented by the Hon'ble President of India. The Bill amends the following eight Acts:

   (i) Delhi Industrial Development, Operation and Maintenance Act, 2010;
   (ii) Delhi Shops and Establishments Act, 1954;
   (iii) Delhi Electricity Reforms Act, 2000;
   (iv) National Capital Territory of Delhi (Incredible India) Bed and Breakfast Establishment (Registration and Regulation) Act, 2007;
   (v) Delhi Agricultural Produce Marketing (Regulation) Act, 1998;
   (vi) Delhi Water Board Act, 1998;
   (vii) Delhi Professional Colleges or Instituions (Prohibition of Capitation Fee, Regulation of Admission, Fixation of Non-Exploitative Fee and Other Measures to Ensure Equity and Excellence)Act, 2007;
   (viii) Delhi Diploma Level Technical Education Institutions (Prohibition of Capitation Fee, Regulation of Admission, Fixation of Non-Exploitative Fee and other Measures to Ensure Equity and Excellence) Act, 2007.

2. On 17.04.2026, the Hon'ble President of India assented to the "The Madhya Pradesh Madhyastham Adhikaran (Sanshodhan) Vidheyak, 2025".

3. On 09.04.2026, a meeting of High-Level Committee (HLC) was held under the chairmanship of Hon'ble Union Home Minister to consider the proposals for grant of additional assistance from National Disaster Response Fund (NDRF) for Flash Flood/Flood, landslides and Cyclone storm "Montha" of 2025 in Karnataka, Telangana and Sikkim.

4. The following meetings were held by Union Home Secretary in the month of April, 2026 :

(i) On 02.04.2026, deliberation on comprehensive proposal comprising all 03 phases of earthquake mitigation programme and traditional knowledge of seismic science.

(ii) On 02.04.2026, a meeting for effectiveness of SACHET platform and reorientation of SACHET.

(iii) On 09.04.2026, a meeting to discuss the exposition of the Holy Relics of Lord Buddha in the UT of Ladakh,

(iv) On 18.04.2026, a meeting with concerned stakeholders to review preparedness of Shri Amarnathji Yatra, 2026. In the meeting, concerned stakeholders were directed to take necessary action for conducting holy yatra successfully.

(v) On 27.04.2026, a meeting to review the security situation in Manipur.

5. The Census 2027, world's largest census exercise has begun. The Government of India has commenced Phase-I of Census 2027 - House listing and Housing Census (HLO) from 01.04.2026, marking the beginning of the country's largest administrative and statistical exercise. This is India's first ever digital data capture and Self-Enumeration. The national enumeration exercise was initiated with the enumeration of the Hon'ble President of India, Smt. Droupadi Murmu, through the option of Self-Enumeration, upholding the proud tradition of commencing the national count with the First Citizen of India.

6. In view of the prevailing situation in the Gulf region, the Visa/ e-Visa and waive of overstay penalty to foreigners stuck in India has been extended for a further period of two months, beyond 06.04.2026.

7. At present, no district is affected with Left Wing Extremism (LWE). The 38 districts covered under the Security Related Expenditure Scheme (SRE) have been classified into the following two categories as on 08.04.2026: -

(i) 'Legacy & Thrust' (37 Districts): - There are districts which are now completely free from Left Wing Extremism but to prevent the resurgence of Left-Wing Extremism in these districts and to further strengthen the current situation, development and security measures need to be continued for some more time.

(ii) 'Districts of Concern' (01 District): - Districts where the violent activities of Left-Wing Extremists have been controlled and their organizational structure has been dismantled. Although these districts are now free of LWE, security surveillance and developmental interventions will need to be continued for some time to come.

8. On 08.04.2026, a meeting was held in NCRB with all the stakeholders regarding implementation of ICJS 2.0 and Nyaya Sanhita.

9. Home Secretary addressed the National Conference on the theme of Judicial Process Re-Engineering and digital transformation: Empowering the Justice System by Reviewing the Past, Re-engineering by the e-Committee of the Supreme Court on 11.04.2026.

10. Following Notifications have been published in Gazette of India (Extraordinary):

(i) Notification No. S.O. 1929(E) dated 17.04.2026 published under sub-section (2) of section 1 of "Jammu and Kashmir Re-organisation (Second Amendment) Act, 2023 (38 of 2023), regarding appointed date i.e. the 17th day of April, 2026, as the date on which the provisions of the said Act shall come into force;

(ii) Notification No. S.O. 1930(E). dated 17.04.2026 published under sub-section (2) of section 1 of "Government of Union Territories (Amendment) act, 2023 (39 of 2023), regarding appointed date i.e. the 17th day of April, 2026, as the date on which the provisions of the said Act shall come into force;

(iii) Notification No. S.O. 2179(E). dated 30.04.2026 published under sub-section (2) of section 1 of "The Jan Vishwas (Amendment of Provisions)

Act, 2026 (8 of 2026), regarding appointed date i.e. the 15th day of May, 2026, as the date on which the provisions of the said Act, in so far as it relates to serial number 28 and the entries thereto in the Schedule to the said Act, relating to "the Delhi Land Holding (Ceiling) Act, 1960" shall come into force;

(iv) Notification No. S.O. 2180(E). dated 30.04.2026 published under sub-section (2) of section 1 of "The Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Act, 2026 (8 of 2026), regarding appointed date i.e. the 15th day of May, 2026, as the date on which the provisions of the said Act, in so far as it relates to serial number 59 and the entries thereto in the Schedule to the said Act, relating to "the Private Security Agencies (Regulation) Act, 2005" shall come into force;

(v) Notification No. S.O. 2181(E) dated 30.04.2026 published under sub-section (2) of section 1 of "The Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Act, 2026 (8 of 2026), regarding appointed date i.e. the 15th day of May, 2026, as the date on which the provisions of the said Act, in so far as it relates to serial number 60 and the entries thereto in the Schedule to the said Act, relating to "Disaster Management Act, 2005" shall come into force

(vi) Notification No. S.O. 2182(E). dated 30.04.2026 published under sub-section (2) of section 1 of "The Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Act, 2026 (8 of 2026), regarding appointed date i.e. the 15th day of May, 2026, as the date on which the provisions of the said Act, in so far as it relates to serial number 34 and the entries thereto in the Schedule to the said Act, relating to "Civil Defence Act, 1968" shall come into force;

(vii) Notification No. S.O. 2183(E). dated 30.04.2026 published under sub-section (2) of section 1 of "The Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Act, 2026 (8 of 2026), regarding appointed date i.e. the 15th day of May, 2026, as the date on which the provisions of the said Act, in so far as it relates to serial number 41 and the entries thereto in the Schedule to the said Act, relating to "the Delhi Police Act, 1978" shall come into force;

(viii) Notification No. S.O. 2184(E). dated 30.04.2026 published under sub-section (2) of section 1 of "The Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Act, 2026 (8 of 2026), regarding appointed date i.e. the 15th day of May, 2026, as the date on which the provisions of the said Act, in so far as it relates to serial number 53 and the entries thereto in the Schedule to the said Act, relating to "the New Delhi Municipal Council Act, 1994" shall come into force;

(ix) Notification No. S.O. 2185(E). dated 30.04.2026 published under sub-section (2) of section 1 of "The Jan Vishwas (Amendment of Provisions) Act, 2026 (8 of 2026), regarding appointed date i.e. the 15th day of May, 2026, as the date on which the provisions of the said Act, in so far as it relates to serial number 26 and the entries thereto in the Schedule to the said Act, relating to "the Delhi Municipal Corporation Act, 1957" shall come into force.

11. The existing Chapter 24 regarding Protected & Restricted Areas and Prohibited Places, has been substituted by a new Chapter 24. MHA has issued a detailed circular on 20.04.2026 in this regard.

12. On 21.04.2026, a conference was conducted on AI in day-to-day functioning of the criminal justice system in NJA, Bhopal.

13. On 27.04.2026, various amendments in the Visa Manual has been carried out, such as

(i) delegation of powers for extension / conversion of visas and other visa related services which are not specifically covered by provisions of Visa Manual.

(ii) Dispensing with the requirement of separate PRC clearance for foreign national who have been granted security clearance on SCP portal.

(iii) Provision of multiple entries on various visas granted under the e-Visa platform etc.

14. Citizenship (Amendment) Rules, 2026 has been notified incorporating the provisions for e-OCI registration and amending certain other rules regarding fees, dual citizenship of minor child and certain forms.

15. On 28.04.2026, the NCB made a major breakthrough in securing the return of notorious drug trafficker Mohammad Salim Dola from Turkiye.

16. The Holy Relics of Lord Buddha, accompanied by the delegation was transferred from New Delhi to Leh on 29.04.2026, as per the schedule for exposition.

17. An Expert Session (Virtual Format) of the SCO Member States were held on 08.04.2026 and 29.04.2026 respectively to discuss the Draft Agenda point and related issues for the forthcoming meeting of Ministers of Internal Affairs & Public Security of the SCO Member States in Bishkek from 4-6 June, 2026. The Indian delegation for the expert session on 29.04.2026 was led by Special Secretary (IS), MHA.

18. 392 Protected Area Permit (PAP) applications were granted during the month of April, 2026.

19. MHA has developed a criterion for deciding ranking of States/UTs based on their monthly performance to motivate the States. The top 5 States /UTs during the month of April, 2026 are Himachal Pradesh, Haryana, Kerala, Goa and Odisha The complete ranking of States and UTs are available on the portal www.psara.gov.in.

20. NCRB undertook multiple initiatives relating to CCTNS 2.0, including integration meetings for e-Prosecution, e-Prisons, e-Forensics, ALIS and Nyay Shruti, along with coordination meetings with CISF, NCB and IVFRT authorities.

21. CCTNS/ICJS platforms continued nationwide operations covering police stations and higher offices, with over 1.14 lakh crore searches conducted under ICJS and over 96 lakh citizen logins on Central Citizen Services Portal.

22. NCRB teams visited Ladakh and Madhya Pradesh for review, pilot testing and training relating to CCTNS 2.0 and CrPI systems.

23. NCRB issued communications to States/UTs regarding ERSS 2.0 implementation and registration of Zero FIR under Section 173 of BNSS, 2023, and shared weekly reports on implementation of the new criminal laws with MHA.

24. As on 30.04.2026, NAFIS database size reached 1,28,70,330 records with 1,27,040 records added during the month.

****

सं. I-34020/03/2026-समन्वय।
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
***

**गृह मंत्रालय की अप्रैल, 2026 के दौरान प्रमुख उपलब्धियां, महत्वपूर्ण घटनाक्रम और महत्वपूर्ण आयोजन।**

1. भारत की माननीया राष्ट्रपति ने दिल्ली जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2026 (वर्ष 2026 का विधेयक सं. 02) को दिनांक 02.04.2026 को सहमति प्रदान की। इस विधेयक में निम्नलिखित आठ अधिनियमों में संशोधन किया गया:

(i) दिल्ली औद्योगिक विकास, संचालन और रखरखाव अधिनियम, 2010;
(ii) दिल्ली दुकान और प्रतिष्ठान अधिनियम, 1954;
(iii) दिल्ली विद्‌युत सुधार अधिनियम, 2000;
(iv) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (अतुल्य भारत) भोजन तथा शयन कक्ष संस्थापन (पंजीकरण एवं विनियमन) अधिनियम, 2007;
(v) दिल्ली कृषि उपज विपणन (विनियमन) अधिनियम, 1998;
(vi) दिल्ली जल बोर्ड अधिनियम, 1998;
(vii) दिल्ली व्यावसायिक महाविद्यालय या संस्थान (कैपिटेशन शुल्क का निषेध, प्रवेश का विनियमन, गैर-शोषणकारी शुल्क का निर्धारण तथा समानता और उत्कृष्टता सुनिश्चित करने के लिए अन्य उपाय) अधिनियम, 2007;
(viii) दिल्ली डिप्लोमा स्तरीय तकनीकी शिक्षा संस्थान (कैपिटेशन शुल्क का निषेध, प्रवेश का विनियमन, गैर-शोषणकारी शुल्क का निर्धारण और समानता और उत्कृष्टता सुनिश्चित करने के लिए अन्य उपाय) अधिनियम, 2007।

2. भारत की माननीया राष्ट्रपति ने दिनांक 17.04.2026 को "मध्य प्रदेश मध्यस्थम् अधिकरण (संशोधन) विधेयक, 2025" को सहमति दी।

3. दिनांक 09.04.2026 को माननीय केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में वर्ष 2025 में कर्नाटक, तेलंगाना और सिक्किम में फ्लैश फ्लड/बाढ़, भू-स्खलन और चक्रवाती तूफान "मोंथा" के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष (एनडीआरएफ) से अतिरिक्त सहायता प्रदान करने के प्रस्तावों पर विचार करने के लिए आयोजित उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) की बैठक का आयोजन किया गया।

4. केन्द्रीय गृह सचिव ने अप्रैल, 2026 माह में निम्नलिखित बैठकों की अध्यक्षता की :

(i) दिनांक 02.04.2026 को सचेत प्लेटफॉर्म की प्रभावशीलता और सचेत के पुन: पुनर्विन्यास (reorientation) के लिए बैठक की।

(ii) दिनांक 02.04.2026 को भूकंप शमन कार्यक्रम के सभी 03 चरणों और भूकंप विज्ञान के पारंपरिक ज्ञान से संबंधित व्यापक प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया।

(iii) दिनांक 09.04.2026 को, लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी पर चर्चा करने हेतु बैठक की ।

(iv) दिनांक 18.04.2026 को, श्री अमरनाथजी यात्रा, 2026 की तैयारियों की समीक्षा के लिए संबंधित हितधारकों के साथ बैठक की जिसमें, संबंधित हितधारकों को पवित्र यात्रा को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया।

(v) दिनांक 27.04.2026 को, मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक की।

5. दुनिया की सबसे बड़ी जनगणना प्रक्रिया, जनगणना 2027, शुरू हो गई है। भारत सरकार ने दिनांक 01.04.2026 से जनगणना 2027 का पहला चरण - मकान सूचीकरण और आवास जनगणना (HLO) शुरू कर दिया है, जो देश की सबसे बड़ी प्रशासनिक और सांख्यिकीय प्रक्रिया की शुरुआत का प्रतीक है। यह भारत में पहली बार डिजिटल डेटा संग्रह और स्व-गणना (Self-Enumeration) की प्रक्रिया है। इस राष्ट्रीय गणना प्रक्रिया की शुरुआत भारत की माननीया राष्ट्रपति, श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की गणना के साथ हुई; उन्होंने स्व-गणना का विकल्प चुना, और इस प्रकार देश के 'प्रथम नागरिक' के साथ राष्ट्रीय गणना शुरू करने की गौरवशाली परंपरा को कायम रखा।

6. खाड़ी क्षेत्र में मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए, भारत में फंसे विदेशियों के लिए वीजा/ई-वीजा की अवधि को बढ़ाने और निर्धारित समय से अधिक समय तक रहने पर लगने वाले जुर्माने

(overstay penalty) को दिनांक 06.04.2026 के बाद दो महीने की अवधि के लिए माफ करने का निर्णय लिया गया।

7. वर्तमान में, कोई भी ज़िला वामपंथी उग्रवाद (LWE) से प्रभावित नहीं है। सुरक्षा संबंधी व्यय योजना (SRE) के अंतर्गत आने वाले 38 ज़िलों को दिनांक 08.04.2026 तक निम्नलिखित दो श्रेणियों में रखा गया है: -

(i) 'Legacy & Thrust' (37 ज़िले): - ये ऐसे ज़िले हैं जो अब वामपंथी उग्रवाद से पूरी तरह मुक्त हैं, लेकिन इन ज़िलों में वामपंथी उग्रवाद को फिर से उभरने से रोकने और मौजूदा स्थिति को और मज़बूत करने के लिए, विकास और सुरक्षा उपायों को कुछ और समय तक जारी रखने की ज़रूरत है।

(ii) 'Districts of Concern' (01 ज़िला): - ऐसे ज़िले जहाँ वामपंथी उग्रवादियों की हिंसक गतिविधियों पर काबू पा लिया गया है और उनके संगठनात्मक ढाँचे को खत्म कर दिया गया है। हालाँकि ये ज़िले अब LWE से मुक्त हैं, फिर भी सुरक्षा निगरानी और विकासात्मक हस्तक्षेपों को कुछ समय तक जारी रखने की ज़रूरत होगी।

8. आईसीजेएस 2.0 और न्याय संहिता के कार्यान्वयन के संबंध में दिनांक 08.04.2026 को एनसीआरबी में सभी हितधारकों के साथ बैठक आयोजित की गई।

9. दिनांक 11.04.2026 को गृह सचिव ने Judicial Process Re-Engineering and digital transformation: Empowering the Justice System by Reviewing the Past, Re-engineering विषय पर उच्चतम न्यायालय की ई-समिति द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया।

10. भारत के राजपत्र (असाधारण) में निम्नलिखित अधिसूचनाएँ प्रकाशित की गई :

(i) जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (दूसरा संशोधन) अधिनियम, 2023 (2023 का 38) की धारा 1 की उप-धारा (2) के अंतर्गत तय तिथि, यानी 17 अप्रैल, 2026, जिस तिथि को उक्त अधिनियम के प्रावधान प्रवृत्त होंगे, से संबंधित अधिसूचना भारत के राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 17.04.2026 की अधिसूचना सं. का. आ. 1929 (अ) के तहत प्रकाशित की गई है।

(ii) संघ राज्य क्षेत्र (संशोधन) अधिनियम, 2023 (2023 का 39) की धारा 1 की उप-धारा (2) के अंतर्गत तय तिथि, यानी 17 अप्रैल, 2026, जिस तिथि को उक्त अधिनियम के प्रावधान प्रवृत्त होंगे, से संबंधित अधिसूचना भारत के राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 17.04.2026 की अधिसूचना सं. का. आ. 1930 (अ) के तहत प्रकाशित की गई है।

(iii) "जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम, 2026 (2026 का 8) की धारा 1 की उप-धारा (2) के अंतर्गत तय तिथि, यानी 15 मई, 2026, जिस तिथि को उक्त अधिनियम के प्रावधान, जहां तक यह क्रम सं. 28 और उक्त अधिनियम की अनुसूची में उसकी प्रविष्टियों से संबंधित है, जो "दिल्ली भूमि जोत (सीमा) अधिनियम, 1960" के संबंध में प्रवृत्त होंगे, से संबंधित अधिसूचना भारत के राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 30.04.2026 की अधिसूचना सं. का.आ. 2179(अ) के तहत प्रकाशित की गई है।

(iv) ''जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम, 2026 (2026 का 8)'' की धारा 1 की उप-धारा (2) के अंतर्गत तय तिथि, यानी 15 मई, 2026, जिस तिथि को उक्त अधिनियम के प्रावधान, जहां तक यह क्रम सं. 59 और उक्त अधिनियम की अनुसूची में उसकी प्रविष्टियों से संबंधित है, ''निजी सुरक्षा एजेंसियां (विनियमन) अधिनियम, 2005'' प्रवृत्त होंगे, से संबंधित अधिसूचना भारत के राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 30.04.2026 की अधिसूचना सं. का.आ. 2180(अ) के तहत प्रकाशित की गई है।

(v) जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम, 2026 (2026 का 8) की धारा 1 की उप-धारा (2) के तहत तय तिथि, यानी 15 मई, 2026, जिस तिथि को उक्त अधिनियम के प्रावधान, जहां तक यह क्रम सं. 60 और "आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005" से संबंधित उक्त अधिनियम की अनुसूची में प्रविष्टियों से संबंधित है, प्रवृत्त होंगे, से संबंधित अधिसूचना भारत के राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 30.04.2026 की अधिसूचना सं. का.आ. 2181(अ) के तहत प्रकाशित की गई है।

(vi) जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम, 2026 (2026 का 8) की धारा 1 की उप-धारा (2) के तहत तय तिथि, यानी 15 मई, 2026, जिस तिथि को उक्त अधिनियम के प्रावधान, जहां तक यह क्रम सं. 34 और उक्त अधिनियम की अनुसूची में उसकी प्रविष्टियों से संबंधित है, "सिविल डिफेंस अधिनियम, 1968" के संबंध में प्रवृत्त होंगे, से संबंधित

अधिसूचना भारत के राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 30.04.2026 की अधिसूचना सं. का.आ. 2182(अ) के तहत प्रकाशित की गई है।

(vii) "जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम, 2026 (2026 का 8) की धारा 1 की उप-धारा (2) के अंतर्गत तय तिथि, यानी 15 मई, 2026, जिस तिथि को उक्त अधिनियम के प्रावधान, जहां तक यह क्रम सं. 41 और उक्त अधिनियम की अनुसूची में उसकी प्रविष्टियों से संबंधित है, "दिल्ली पुलिस अधिनियम, 1978" के संबंध में प्रवृत्त होंगे, से संबंधित अधिसूचना भारत के राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 30.04.2026 की अधिसूचना सं. का.आ. 2183(अ) के तहत प्रकाशित की गई है।

(viii) "जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम, 2026 (2026 का 8) की धारा 1 की उप-धारा (2) के अंतर्गत तय तिथि, यानी 15 मई, 2026, जिस तिथि को उक्त अधिनियम के प्रावधान, जहां तक यह क्रम सं. 53 और उक्त अधिनियम की अनुसूची में उसकी प्रविष्टियों से संबंधित है, "नई दिल्ली नगर परिषद अधिनियम, 1994" के संबंध में प्रवृत्त होंगे, से संबंधित अधिसूचना भारत के राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 30.04.2026 की अधिसूचना सं. का.आ. 2184(अ) के तहत प्रकाशित की गई है।

(ix) "जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम, 2026 (2026 का 8) की धारा 1 की उप-धारा (2) के अंतर्गत तय तिथि, यानी 15 मई, 2026, जिस तिथि को उक्त अधिनियम के प्रावधान, जहां तक यह क्रम सं. 26 और उक्त अधिनियम की अनुसूची में उसकी प्रविष्टियों से संबंधित है, "दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957" के संबंध में प्रवृत्त होंगे, से संबंधित अधिसूचना भारत के राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 30.04.2026 की अधिसूचना सं. का.आ. 2185(अ) के तहत प्रकाशित की गई है।

11. संरक्षित और प्रतिबंधित क्षेत्रों तथा निषिद्ध स्थानों के संबंध में मौजूदा अध्याय 24 को एक नए अध्याय 24 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया। इस संबंध में गृह मंत्रालय ने दिनांक 20.04.2026 को एक विस्तृत परिपत्र जारी किया।

12. दिनांक 21.04.2026 को एनजेए, भोपाल में "आपराधिक न्याय प्रणाली के दिन-प्रतिदिन के कामकाज में AI" विषय पर सम्मेलन का आयोजन किया गया।

13. दिनांक 27.04.2026 को, वीज़ा मैनुअल में कई संशोधन किए गए जोकि निम्न है:

(i) वीजा के विस्तार/परिवर्तन और वीजा से संबंधित अन्य सेवाओं के लिए शक्तियों का प्रत्यायोजन जो वीजा मैनुअल के प्रावधानों द्वारा विशेष रूप से समाहित नहीं किए गए हैं।

(ii) विदेशी नागरिकों के लिए अलग से पीआरसी मंजूरी की आवश्यकता को समाप्त करना, जिन्हें एससीपी पोर्टल पर सुरक्षा स्वीकृति दी गई है।

(iii) ई-वीजा प्लेटफॉर्म आदि के अंतर्गत दिए गए विभिन्न वीजा पर कई प्रविष्टियों का प्रावधान।

14. नागरिकता (संशोधन) नियमावली, 2026 को अधिसूचित किया गया जिसमें ई-ओसीआई पंजीकरण के प्रावधानों को शामिल किया गया और शुल्क, नाबालिग बच्चे की दोहरी नागरिकता और कुछ फॉर्मों से संबंधित अन्य नियमों में संशोधन किया गया।

15. एनसीबी ने दिनांक 28.04.2026 को तुर्की से कुख्यात ड्रग तस्कर मोहम्मद सलीम डोला की वापसी सुनिश्चित करने में बड़ी सफलता प्राप्त की।

16. भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों को, एक प्रतिनिधिमंडल के साथ, प्रदर्शन के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 29.04.2026 को नई दिल्ली से लेह ले जाया गया।

17. SCO सदस्य देशों के मिनिस्टर्स ऑफ इंटरनल अफेयर्स एंड पब्लिक सिक्योरिटी की बिश्केक में 4-6 जून, 2026 को होने वाले आगामी बैठक के लिए कार्यसूची बिंदु के मसौदे और संबंधित मामलों पर चर्चा करने के लिए दिनांक 08.04.2026 एवं 29.04.2026 को SCO सदस्य देशों के विशेषज्ञ सत्र (वर्चुअल प्रारूप) का आयोजन किया गया। दिनांक 29.04.2026 को होने वाले विशेषज्ञ सत्र के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा), गृह मंत्रालय ने किया।

18. अप्रैल, 2026 माह के दौरान संरक्षित क्षेत्र परमिट (PAP) के 392 आवेदनों को स्वीकृति दी गई।

19. राज्यों को प्रेरित करने के लिए गृह मंत्रालय ने उनके मासिक प्रदर्शन के आधार पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की PSARA रैंकिंग तय करने के लिए मानदंड तैयार किया है। अप्रैल, 2026

के दौरान शीर्ष 5 राज्य/संघ राज्य क्षेत्र हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, केरल, गोवा और ओडिशा हैं। राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों की पूरी रैंकिंग www.psara.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है।

20. एनसीआरबी ने CCTNS 2.0 से संबंधित कई पहलों की शुरूआत की, जिसमें ई-अभियोजन, ई-कारागार, ई-फोरेंसिक्स, ALIS और न्याय श्रुति के लिए एकीकरण बैठकें, साथ ही CISF, NCB और IVFRT प्राधिकारियों के साथ समन्वय बैठकें शामिल थीं।

21. CCTNS/ICJS प्लेटफॉर्म में पुलिस थानों और उच्च कार्यालयों को शामिल करते हुए राष्ट्रव्यापी ऑपरेशन जारी रखा गया, जिसमें ICJS के अंतर्गत 1.14 लाख करोड़ से अधिक खोजें और केंद्रीय नागरिक सेवा पोर्टल पर 96 लाख से अधिक नागरिक लॉग-इन शामिल थे।

22. एनसीआरबी की टीमों ने CCTNS 2.0 और CrPI प्रणाली से संबंधित समीक्षा, प्रायोगिक परीक्षण और प्रशिक्षण के लिए लद्दाख और मध्य प्रदेश का दौरा किया।

23. एनसीआरबी ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को ERSS 2.0 के कार्यान्वयन और BNSS, 2023 की धारा 173 के अधीन ज़ीरो FIR के पंजीकरण के संबंध में पत्र जारी किए और नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर साप्ताहिक रिपोर्ट साझा की।

24. दिनांक 30.04.2026 की स्थिति के अनुसार, NAFIS डेटाबेस का आंकड़ा 1,28,70,330 रिकॉर्ड तक पहुंच गया, जिसमें इस माह के 1,27,040 रिकॉर्ड भी शामिल है।

*****